जनता कॉलेज बकेवर में वितरित हुए कुल 419 छात्र-छात्राओं को टेबलेट व स्मार्टफोन|

इटावा,22 अप्रैल |जनता कॉलेज बकेवर में उत्तर प्रदेश शासन की महत्वपूर्ण टेबलेट एवं स्मार्ट फोन वितरण योजना के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में कुल 419 छात्र-छात्राओं को टेबलेट तथा स्मार्टफोन वितरित किए गए , कार्यक्रम मुख्य अतिथि इटावा सदर विधायक श्रीमती सरिता भदौरिया एवं हमीरपुर विधायक जनता कॉलेज बकेवर के पूर्व छात्र डॉ मनोज कुमार प्रजापति के मुख्य आतिथ्य में कार्यक्रम आयोजन किया गया |सदर विधायक श्रीमती सरिता भदौरिया ने गुणवत्तापरक शिक्षा तथा टेबलेट के भविष्य में उचित शैक्षणिक उपयोग करने की बात छात्रों के समक्ष कहते हुए कहा कि सरकार की इस योजना का अपने अध्ययन में सहयोग हेतु छात्र छात्राएं प्रयोग करें |अतिथि डॉ मनोज कुमार प्रजापति ने स्वयं को न्यूनतम संसाधनों में भी उत्तरोत्तर प्रगति कर स्थापित करने की बात करते हुए अपने विद्यार्थी जीवन के जनता कॉलेज बकेवर के संस्मरण सुनाते हुए कहा कि छात्र जीवन का परिश्रम छात्र को भविष्य में आगे तक ले जाता है ,उन्होंने अपने अध्ययन के समय की कक्षाओं और कालेज परिसर का भ्रमण करते हुए अपनी पुरानी यादों को छात्रों के समक्ष साझा किया |प्रबंधकारिणी सचिव श्री अरविंद कुमार मिश्र ने महाविद्यालय की प्रगति आख्या के विवरण का वाचन किया |कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रबंधकारिणी उपाध्यक्ष श्री राम मोहन त्रिपाठी द्वारा की गई, प्रबंध समिति सदस्य श्री रामपाल सिंह राठौर ने कॉलेज के मूल्यों और अनुशासन पर अपने विचार व्यक्त किए |प्राचार्य डॉ राजेश किशोर त्रिपाठी ने उपस्थित आगंतुकों का अभिनंदन व स्वागत किया, कार्यक्रम का सफल व प्रभावी संचालन कृषि संकाय के डीन डॉ अशोक कुमार पांडेय द्वारा किया गया |कार्यक्रम में मुख्य रूप से कालेज परिवार के समस्त प्राध्यापकों शिक्षणेत्तर कर्मचारियों सहित एमएससी द्वितीय वर्ष की छात्रा माधवी, आकांक्षा शर्मा, मल्लिका दुबे ,मानसी गुप्ता, प्रियांशु सक्सेना बीएससी तृतीय वर्ष के स्पर्श शुक्ला, कु.एकता शर्मा, कु. शिवानी पाठक आदि छात्र-छात्राओं की उपस्थित एवं सहयोग रहा।

जनता कालेज, बकेवर (इटावा)